>

Title: Need to depute a technical team of AAI to finalise the location of proposed Eight Greenfield Airports in Andhra Pradesh.

MR. SPEAKER: Now I will allow three matters. I would earnestly beseech all the hon. Members not to press for it because you have already agreed that the debate on Budget will start after the Question Hour.

Now, I invite Shri Ramji Lal Suman. Please be very brief. Please wait. I will call other two Members also.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं समय देने के लिए आपका आभार प्रकट करता हूँ।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आभार प्रकट करने की कोई जरूरत नहीं है। समय कम है, आप अपनी बात कहिए।

श्री रामजीलाल सुमन : महोदय, इस वर्ष हमारे देश से जो हज यात्री गए थे, उनको अत्यधिक असुविधाओं का सामना करना पड़ा है। देश के अधिकांश हज यात्रियों का सामान अभी तक वापस नहीं आया है और कुछ हज यात्रियों को अपना सामान लेने के लिए दुबारा एयरपोर्ट जाना पड़ा। पहले अगर कोई हाजी 45 किलो से ज्यादा वजन लाता था तो उसे 13 रियाद प्रति किलो के हिसाब से अदा किया जाता था और इस बार यह अदायगी 55 रियाद प्रति किलो तक रही है। अधिकांश हज यात्रियों की उड़ान 12 घंटे, 18 घंटे या 24 घंटे विलंब से रही और लखनऊ वापस आने वाले हज यात्रियों को पांच-पांच दिन तक जेद्दा में रहना पड़ा। हवाई उड़ानें नियमित नहीं रहीं और साथ ही जो पवित्र पानी - जमजम - जब कोई हज यात्री वापस आता था और जिस एयरपोर्ट पर उतरता था, वहां उनको वह पवित्र पानी दिया जाता था। इस बार वह जमजम भी उन्हें वहां नहीं मिला। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि आज भी सैकड़ों हाजी ऐसे हैं जिनका सामान मिसिंग कहकर नहीं मिला है। वर्ष 1994 के बाद से पानी के जहाज से कोई हज यात्री हज करने नहीं गया और हम, हज सेवा समिति और दूसरे संगठन भी, बार-बार सरकार से यह प्रार्थना करते रहे हैं, कि हज कमेटी का कार्यालय दिल्ली लाया जाए। हाजी लोग जो शिकायत करते हैं, वह हज कमेटी से करते हैं, लेकिन हज कमेटी को कोई वैधानिक शक्ति प्राप्त नहीं है। उसको वैधानिक दर्जा दिया जाना चाहिए। यह बहुत गंभीर मामला है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बार एयर इंडिया ने लोगों को वहां भेजने का जिम्मा लिया था। ...(व्यवधान) इस व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। माननीय विदेशमंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। जिन हज यात्रियों के सामान गायब हुए हैं, उन्हें सरकार मुआवजा दे।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य श्री शैलेन्द्र कुमार, श्रीमती जयाप्रदा, श्री रवि प्रकाश वर्मा, श्री नीरज शेखर, ने स्वयं को श्री रामजी लाल सुमन जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ सम्बद्ध किया है।

ठीक है, सुमन जी, आपने अपनी बात कह ली है। अब आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I will not allow anything more to be recorded. Do not record.

*(Interruptions) *â€¦*

MR. SPEAKER: Shri Prabhunath Singh.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: What are you doing? You have raised it.

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : महोदय, सरकार को इसकी सूचना ग्रहण करनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : सरकार नहीं करेगी।

He has raised it. You have not even taken the trouble of giving a notice.

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : महोदय, सरकार को इसके बारे में जवाब देना चाहिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I will not allow any response to be given now.

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): Sir, the hon. Minister will respond. ...(*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन : महोदय, माननीय विदेशमंत्री जी यहां बैठे हैं, उनको जवाब देना चाहिए।

MR. SPEAKER: You cannot compel me to agree to you.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No, I will not allow him because you are not cooperating with me. I will not allow this.

...(*Interruptions*)

---

* Not recorded.

MR. SPEAKER: Hon. Minister, you can have a brief intervention.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Sir, I would like to share one information with the hon. Member that this year this problem happened because of certain mismatch. Normally, the Haj pilgrims carry it as accompanying baggage, but this time Air India could not make arrangements, and there is a provision, a standing order in Saudi Arabia that bulk quantity of *jamjam* water is not permitted to be exported or to be taken outside Saudi Arabia. But to overcome this problem, during the visit of His Royal Highness, the Foreign Minister, Prince Saud Al Faisal, I took it up with him. He came to India just a few weeks back and he has agreed to make one time dispensation. Now our Consulates have been instructed to send it in bulk quantity and through the Central Haj Committee and the State Haj Committees, it will be distributed to all the registered Haj pilgrims.[SS14]